St. Claret College

Autonomous, Bengaluru

Roll No:
Date:

UG END SEMESTER EXAMINATION-MAY 2026

B.SC. / BCA II SEMESTER

HNS 224: हिंदी पद्य, फिल्म समीक्षा एवं संक्षेपण

1

TIME: 3 hours. **MAX. MARKS: 80**

This Paper Contains 02 Printed Pages and VI Sections

Instructions:
1. **Verify and ensure that the question paper is completely printed.**
2. **Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the HOD within 1 hour after the examination.**
3. **Students must check the course title and course code before answering the questions.**

SECTION-I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए : **[10x1=10]**

1. माला फेरने से क्या नहीं बदलता ?
2. बसंत ऋतु में कोयल और कौवे की पहचान कैसे होती है ?
3. महादेवी वर्मा के अनुसार नभ के नव रंग मन में क्या जगाते हैं ?
4. किनके हुंकारो से महलों की नींव उखड़ जाती है ?
5. शिवजी की तीसरी आँख से कौन भस्म हो गया?
6. अज्ञेय के अनुसार समाज व्यक्ति को क्या प्रदान करता है?
7. विराट जनतंत्र किसका है ?
8. नदी किससे मिलकर खारी हो जाती है ?
9. रामदास का हत्या कहाँ से आया था ?
10. 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए ।

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY Bengaluru-13 AUTONOMOUS

SECTION-II

किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए: **[2x7= 14]**

11. दुख में सुमरिन सब करे, सुख में करे न कोय ।
    जो सुख मे सुमरिन करे, दुख काहे को होय ॥
12. मूरख को हित के वचन, सुनि उपजत है कोप।
    साँपहि दूध पिवाइये, वाके मुख विष ओप।।

13. चौड़ी सड़क गली पतली थी,
दिन का समय घनी बदली थी।
रामदास उस दिन उदास था,
अंत समय आ गया पास था।
उसे बता यह दिया गया था उसकी हत्या होगी ।

SECTION-III

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1x15=15]**

14. 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' कविता का सार लिखते हुए, उसकी विशेषताएँ बताइए ।
15. 'साधारण जीवन का आनंद' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए ।

SECTION-IV

किन्हीं तीन विषयों पर टिप्पणी लिखिए : **[3x7=21]**

16. कबीर के दोहे में चित्रित नैतिक शिक्षा
17. कालिदास सच-सच बतलाना
18. विनय पत्रिका
19. नदी के द्वीप
20. जनतंत्र का जन्म

SECTION-V

किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1x10=10]**

21. 'परिणीता' फिल्म किस प्रकार सामाजिक वर्ग भेद को उजागर करती है? विवेचना कीजिए ।
22. 'श्रीकांत' फिल्म समाज के सभी वर्गों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है – स्पष्ट कीजिए ।

SECTION-VI

23. दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई भाग में संक्षेपण कीजिए : [1x10=10]

समाज में समानता का अर्थ है कि सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिले। किसी भी व्यक्ति के साथ धर्म, जाति, लिंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। जब समाज में समानता होती है, तो हर व्यक्ति बिना डर और संकोच के अपने सपनों को पूरा कर सकता है। समानता से समाज में शांति और एकता बनी रहती है। लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और मिल-जुलकर आगे बढ़ते हैं। इससे न केवल व्यक्ति का विकास होता है, बल्कि पूरे समाज का भी विकास होता है। शिक्षा और जागरूकता समानता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब लोग अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हैं, तब वे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं। हमें अपने व्यवहार में समानता को अपनाना चाहिए और दूसरों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। तभी एक स्वस्थ, सुखी और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव है। इसके साथ ही, सरकार को भी ऐसे कानून बनाने चाहिए जो सभी को समान अवसर प्रदान करें। समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएँ चलाई जानी चाहिए।